# कोयलांचल की पत्रकारिता में दैनिक 'खबर मन्त्र' का धमाकेदार आगाज

## धनबाद में कार्यालय का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** धरती आबा की ऊजार्वान भूमि रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक खबर मन्त्र ने बुधवार से अपने धनबाद संस्करण का शुभारंभ कर दिया। खबर मन्त्र की टीम ने धनबाद कार्यालय का उदघाटन कर कोयलांचल की पत्रकारिता में धमाकेदार इंट्री की है।

नये संस्करण को लेकर बुधवार को शहर के हृदस्यस्थल लुबी सर्कुलर रोड धनबाद क्लब के निकट नये कार्यालय का शुभारंभ हुआ। कार्यालय का उद्घाटन अखबार के संपादक अविनाश ठाकुर, प्रबंध संपादक राजेश सिंह और निदेशक सिद्धार्थ राज तथा स्थानीय संपादक ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने सयुंक्त रूप से किया। संपादक श्री ठाकुर ने कहा कि धनबाद में कुछ कार्य का अनुभव रहा है। यहां की पत्रकारिता से भलीभांति परिचित हूं। उम्मीद है अखबार का नया संस्करण आने वाले दिन में कोयलांचल में नया अध्याय लिखेगा। वहीं प्रबंध संपादक ने कहा कि खबर मन्त्र एक परिवार की तरह है। परिवार में आज कई नये सदस्य जुड़े है। टीम को पूरी उम्मीद है यह परिवार अपनी दमदार लेखनी से इसे आगे ले जाने का काम करेगा। निदेशक श्री राज ने कहा कि प्रबंधन ने पूरी उम्मीद के साथ नई टीम को जिम्मेवारी सौंपी है। हमें उम्मीद है कि यह टीम उसपर खरी उतरेगी। स्थानीय संपादक ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने कहा कि धनबाद की पत्रकारिता में काम करने का लंबा अनुभव रहा है।





आने वाले दिनों में खबर मंत्र नए तेवर और नए कलेवर के साथ पाठकों के बीच पहुंचेगा।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रकाश लाटा, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा, वियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झाए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय झा, डेकोरेटर एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आर के मधु, सुधा मिश्रा, मिल्टन पार्थसारथी, कांग्रेस नेता पप्पू तिवारी, रामपुनित चौधरी, समाजसेवी लल्लू सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सुरेंद्र अरोड़ा, प्रमोद गोयल आदि सहित खबर मंत्र की धनबाद टीम के आनंद अनल, मिथिलेश कुमार, राममूर्ति पाठक, अजय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार, विजय कुमार, विनोद रजक, देवानंद पासवान, रंजीत मिश्र, गौतम कुमार, संजय चौरसिया आदि कार्यक्रम में शामिल हुए और पत्र की निरंतर प्रगति के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी।

## संस्थापक के सपनों को एक और उड़ान...

***हिंदी दैनिक** 'खबर मन्त्र' के संस्थापक स्व. डॉ अभय सिंह ने जिस सपने को ले कर यह अखबार आज से एक दशक पूर्व शुरू किया था, उनके बताये मार्ग पर चलते हुए उनकी बनायी टीम ने बुधवार को उनके सपने को धनबाद संस्करण शुरू कर एक और उड़ान दी। आपका मनपसंद अखबार खबर मन्त्र अब कोयलाचंल के धनबाद संस्करण के साथ आपके बीच रहेगा। अखबार के संस्थापक का सपना था कि 'खबर मन्त्र' अखबार राज्य की नयी पहचान बन कर उभरे। उनके उसी सपने को पूरा करने और उम्मीदों को उड़ान देने के लिए हम इस अखबार का दूसरा संस्करण आपके बीच लेकर आये हैं। धनबाद संस्करण के प्रकाशन को अर्थपूर्ण, सूचना, समाचार और विचार से सुसज्जित करने के लिए हमारी धनबाद संस्करण की सक्षम टीम अपने पाठकों के उम्मीद पर खरी उतरेगी, यह हमारा विश्वास है। रांची से निकल कर विगत एक दशक से हम पूरे झारखंड की आवाज बनने में सफल रहे हैं। हमारी टीम को विश्वास है कि हम राज्य के एक विशाल पाठक वर्ग के बीच पहुंचकर उनकी आवाज बनने में हम पूरी तरह से सफल होंगे। हम अपने सुधी पाठकों को भरोसा दिलाते हैं कि हम आपकी उम्मीद पर खरे उतरेंगे ऐसा हमारा विश्वास है। साथ ही आग्रह भी कि आप का लब का सहयोग भी सदा आपका मिलता रहेगा। सबकी बात सबके साथ मूल मंत्र के साथ आप सभी का हृदय से अभिनंदन।*

**अविनाश ठाकुर**
**संपादक, खबर मन्त्र रांची**

## स्पीड न्यूज

### पूर्व जिप सदस्य ने ली जदयू की सदस्यता



**कतरास।** यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में बुधवार को जदयू का मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह मौजूद थे। समारोह में तोपचांची प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद -3 के पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए जदयू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सदस्यों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि सहदेव प्रसाद सिंह के जदयू पार्टी में शामिल होने से टुंडी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी। इस अवसर पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, तारा बाबू, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, शब्बीर अंसारी,आदि मौजूद थे।

### लोस चुनाव को लेकर बलियापुर बीडीओ ने दिये निर्देश

**सिंदरी।** बलियापुर ब्लॉक कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को बैठक हुई। बैठक में बलियापुर बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी राजेश सिन्हा ने आदर्श आचार संहिता के बारे में जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में मौजूद प्रखंड पदाधिकारियों, कर्मियों, रोजगार सेवकों और पंचायत सचिवों, निर्वाचन संबंधित कर्मी, निर्वाचन प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों को उन्होंने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके बाद अगले 24 घंटे के अंदर सरकारी संपत्तियों पर दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर तथा झंडों को हटाने का निर्देश दिया गया। 48 घंटों में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क पुल, सरकारी बसों, बिजली व टेलीफोन पोल नगरपालिका, स्थानीय निकायों सहित सार्वजनिक स्थानों पर से दीवार लेखन हटाने सहित अन्य आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा। चुनाव प्रचार की अनुमति प्राप्त किये बिना व्यवसायिक वाहनों पर से झंडा, स्टीकर हटा देने का भी निर्देश दिया गया।

### विशेष श्रेणी के मतदाता पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, कोविड-19 के कारण किसी अस्पताल में इलाजरत, आवश्यक सेवा श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं को पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में डाक मतपत्र कोषांग के वरीय पदाधिकारी महेश्वर महतो ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर विशेष श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र से मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## दुख हरणी धाम दुर्गा मंदिर में भगवती जागरण शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सोनारडंगाल स्थित रेलवे लाइन के समिप श्री श्री 108 दुख हरणी धाम शीतला शक्ति दुर्गा मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव भगवती जागरण का शुभारंभ बुधवार को 24 घंटे के अखंड संकीर्तन के साथ शुरू हुआ। महोत्सव में दुर्गा मां का आलौकिक श्रृंगार किया गया व ज्योत जलाई गई। पूजा अर्चना की गई। पश्चिम बंगाल की की र्तन मंडली बिनोद मास्टर,सरवन पासवान,राजेन्द्र गोप,नरेश काती व दिनेश शर्मा द्वारा 24 घंटे का संकीर्तन शुरू किया गया। महोत्सव के प्रमुख दामोदर पांडेय व सुरेन्द्र पांडेय ने बताया कि गुरुवार को दुर्गा मां को छप्पन भोग लगाया जाएगा व संध्या में प बंगाल के कोलकता से आए भजन गायक पप्पू मिश्रा के अलावा अनिष सिंह,मुरली यादव व नित्या सिंह द्वारा भगवती का भजन गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। महोत्सव को सफल बनाने में दामोदर पांडेय, हरिवंश पाण्डेय, सुकंश पाण्डेय, रमेश पांडेय,जयंती देवी, देवंती देवी, प्रियंका देवी आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने रोका टासरा प्रोजेक्ट के ओबी डंप का रास्ता



**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट के ओबी डंप का रास्ता डोमगढ़ सिंदरी के ग्रामीणों ने बुधवार को रोक दिया। ग्रामीणों ने रात में बिना जानकारी के नये रास्ता बनाकर भारी वाहनों को चलाने के कारण ऐसा किया था। डोमगढ़ के ग्रामीणों ने बताया कि सेल प्रबंधन की टासरा आउटसोर्सिंग कंपनी मंगलवार की देर रात ओबी डंप के लिए नये रास्ते का निर्माण कर रही थी। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ता के बाद प्रबंधन ने इसपर फिलहाल रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा दोबारा करने पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सेल प्रबंधन की एमडीओ केटीएमपीएल निदेशक टी रमेश ने बताया कि एमडीओ ग्रामीणों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखकर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सीएसआर फंड से सामूहिक शौचालय, चलंत वाहन मेडिकल सुविधा दी जा रही है। रास्ता के लिए एफसीआईएल प्रबंधन से बात की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सलाह पर ओबी डंप के आने व जाने का रास्ता अलग किया गया है। ग्रामीणों में चुन्नू सिंह, राघव तिवारी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह, बीरबल दुबे, अनिल साह, राजेश पांडेय, महेश गोस्वामी, पिंटू चक्रवर्ती, ददन पंडित, मुन्ना दुबे, मनोज सिंह सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

## आरएस कॉलेज में विकसित भारत पर संगोष्ठी

**गोविंदपुर।** आरएस मोर कॉलेज वाणिज्य विभाग एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वक्तव्य ऑनलाइन डिजिटल पैनल पर सुना गया। प्राचार्य डॉण प्रवीण सिंह ने कहा कि आज दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है और भारत युवा शक्ति से सशक्त हो रहा है। पूरी दुनिया भारत के युवाओं की तरफ देखती है। युवा शक्ति परिवर्तन की कारक है और परिवर्तन के लाभार्थी भी हैं। ये 25 साल उन विद्यार्थियों का करियर तय करेगा जो आज कॉलेज और यूनिवर्सिटी में हैं। इसलिए हमारे युवाओं को ही यह तय करने का सबसे बड़ा अधिकार है कि विकसित भारत कैसा होना चाहिए। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉण अशोक सिंह व रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉण त्रिवेणी महतो ने कहा कि यह परीक्षा से पहले के दिनों की तरह विकसित भारत के निर्माण का अमृत काल है। संचालन डॉ कोहाली बनर्जी एवं धन्यवाद डॉ अजीत कुमार ने किया।

## जनहित में समर्पित जनप्रतिनिधि को ही बनायें विजयी

### केन्दुआडीह राजपूत बस्ती में मासस की जन आशीर्वाद सभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** केन्दुआडीह राजपूत बस्ती में बुधवार को मासस की जन आशीर्वाद सभा हुई। सभा की अध्यक्षता छाताटांड अंचल अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने की एवं संचालन अंचल सचिव भोला ताम्रकार ने किया। सभा को बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश के समाजिक, आर्थिक और राजनीतिक हालात बदतर हो चुके हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विगत 2014 से आम जनता को झूठ की गारंटी परोसते आ रहे हैं। उनके द्वारा दिया गया प्रत्येक नारा जुमलेबाजी साबित हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की मदद से आने वाले कुछ ही दिनो में गारंटी की पोल खुलने जा रही है। भाजपा की सरकार में 10 वर्षो के दरम्यान रोजगार सृजन के लिए एक भी कल- कारखाना नहीं खुला। इस के विपरीत सैकड़ों सार्वजनिक उद्यौग बंद हुए तथा कारपोरेट घरानों को बेचा गया। महानगर सचिव सह धनबाद विधान सभा चुनाव संचालन समिति शहरी के प्रभारी विजय कुमार पासवान ने कहा की धनबाद संसदीय क्षेत्र लगातार 28 वर्षो से भाजपा के कब्जे में है। स्थानीय सांसद पीएन सिंह लगातार तीन बार से धनबाद का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। उनके कार्यकाल में धनबाद से एयर पोर्ट, एम्स अस्पताल स्थानांतरित हो गए। उन्होंने ज्वलंत सवालों के साथ विस्थापन एवं पलायन पर कभी मुखरता के साथ आवाज नहीं उठाई। इस कारण धनबाद की जनता बदलाव के मुड में है और परिवर्तन निश्चित है।

ऐसे जन प्रतिनिधियोंसे मुक्ति नितांत आवश्यक है। उन्होंने जनता के हित में सदैव समर्पित और तत्पर रहने वाले जन प्रतिनिधि को ही मतदान कर जीत सुनिश्चित करने का अह्वाना किया।

#### सभा को इन्होंने किया संबोधित

सभा को संबोधित करनेवालों में वरिष्ठ नेता नरेश पासवान, भगत राम महतो, देवाशीष पासवान, उमेश पासवान, सुखलाल महतो, अरविंद तिवारी, संतोष रवानी, ललिता देवी,मोतीलाल हेम्ब्रम, रामप्रवेश यादव, रंजीत यादव, सुखदेव पासवान, सुरेश पासवान, औरंगजेब खान, रियाज अंसारी, उमेश पासवान, गंगा देवी, चंद्र मौली पांडेय, सुलोचना देवी,सोनी देवी, भुलेंदर पासवान, विक्रम पासवान, जितन साव, ब्रह्मदेव पासवान आदि शामिल हैं। सभा में सैकड़ों महिलाएं एवं युवा मौजूद थे।

## बलियापुर में गबन के आरोपी प्रखंड नाजिर पर केस दर्ज

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश सिन्हा की लिखित शिकायत पर बलियापुर पुलिस ने प्रखंड नाजिर खलील अहमद के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज कर लिया है। बलियापुर बीडीओ ने नाजिर पर 50 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत विगत रविवार को पुलिस से की थी। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि प्रखंड नाजिर के खिलाफ फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया गया है। केस 420, 467, 468, 471, 409 धाराओं के तहत कांड संख्या 41/24 के तहत दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। बताते चलें कि विगत 12 जनवरी को नाजिर द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपये के फर्जी वाउचर पर बीडीओ को शंका हुई तो जांच की गई।

## रिटायर्ड डीवीसी कर्मी के आवास से लाखों की चोरी

**मैथन।** आनंद नगर स्थित डीवीसी आवासीय परिसर में डीवीसी के रिटायर्ड कर्मी प्रदीप सिंह के आवास का मुख्य दरवाजा तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये की सम्पत्ति चोरी कर ली है। घटना मंगलवार की देर रात की है। जानकारी तब हुई, जब बुधवार की सुबह नौकरानी घर की सफाई करने पहुंची। देखा कि घर दरवाजा टूटा हुआ है। अलमीरा खुला हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद नौकरानी ने घर मालिक को फोन पर घटना की जानकारी दी, पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों की सूचना पर मैथन पुलिस पहुंची और घटना की छानबीन शुरू कर दी है। नौकरानी ने बताया कि घर के मालिक प्रदीप सिंह तीन दिन पहले सपरिवार अपने रिश्तेदार के यहां गये हुए हैं। जानकारी मिलते ही वह मैथन के लिए चल पड़े हैं, रात तक पहुंचने की सम्भावना है। उनके आने के बाद ही चोरी की सम्पत्ति का सही ब्योरा मिलेगा।

## जलाराम मंदिर का मना 13वां वार्षिकोत्सव



**धनबाद।** श्रीश्री जलाराम भक्ति मंडल ट्रस्ट ने बुधवार को शास्त्री नगर स्थित जलाराम मंदिर का 13वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान कनुभाई रावल व ज्योत्स्ना बेन रावल ने मंदिर में बिराजमान जलाराम बापा, राम दरबार, अम्बे गौरी, भोलानाथ की विधिवत पूजा अर्चना की। महिला मंडल की सदस्यों ने जलाराम बापा के लोकप्रिय भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद जलाराम बापा को अन्नकूट भोग लगाकर सामुहिक आरती की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन भट्ट, किशोर परमार, मनोज पंड्या, चेतन मपारा, जयेश रावल, संजय पंड्या, शैलेश पंड्या, राजू सेठिया, हरीश यादव, किशोर भाई मानिक, हिना सोलंकी, स्वाति ठक्कर, रेखा बेन धनानी, लता बेन धनानी, दक्षा यादव सहित सैंकड़ों भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

## झरिया क्षेत्र में मतदाता जागरुकता अभियान



**धनबाद।** स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम ने बुधवार को झरिया क्षेत्र में मतदाता जागरुकता रैली निकाली, जिसमें सभी ने पहले मतदान फिर जलपान के नारे लगाए। सभी मतदाताओं से चुनाव के दिन अपने मत के अधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिये लोगों को जागरूक किया गया तथा एक एक वोट के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा उठाव वाहनों के माध्यम से गली मोहल्ले में जंगल की सहायता से लोगों के बीच जागरुकता संदेश पहुंचाया गया।

## एशियन जालान अस्पताल में विश्व किडनी दिवस आज



**धनबाद।** हर साल की भांति कल यानी 14 मार्च गुरुवार को एशियन जालान अस्पताल में विश्व किडनी दिवस मनाया जाएगा। इस बार विश्व किडनी दिवस की थीम 'सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य' यानी किडनी हेल्थ फॉर ऑल तय की गई है। यह जानकारी बुधवार को अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण राय ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को किडनी के मरीजों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किडनी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगे। साथ ही कई तरह की जांच में 20 से 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया वैसे मरीज, जिनमें बार बार पेशाब आना,बहुत ज्यादा थकान महसूस करना आदि किडनी रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, वे इस शिविर में आकर अपनी जांच करा सकते हैं।

## पुटकी में प्रभु महतो चौक के पास स्ट्रीट लाइट लगाने का उद्घाटन

**पुटकी।** सहायक अभियंता जय महतो ने बुधवार को स्ट्रीट लाइट लगाने का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट लगने से आवागमन में काफी सुविधा होगी, दुर्घटनाओं से भी मुक्ति मिलेगी। यह स्ट्रीट लाइट पुटकी मोड़ से भागाबांध के बोरागढ़ पुल तक लगेगी। मौके पर देवशीष पासवान, हीरा शर्मा, सुभाष पासवान मूर्तजा अंसारी,राम प्रताप शर्मा, शिवनंदन पासवान, रूपु खान, निरजन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## पांच साल बाद भी शहर में शुरू नहीं हो सकी डीपीएनजी गैस सेवा

### 2018 में प्रधानमंत्री ने किया था शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पांच साल बाद भी धनबाद में पाइप लाइन से मिलने वाली प्राकृतिक गैस (डीपीएनजी) का सपना अधूरा है। 12 हजार घरों में किये गए गैस कनेक्शन शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं।

इतना ही नहीं जिले के अलग अलग स्थानों पर खुले सीएनजी सब स्टेशन में भी आए दिन गैस की किल्लत अलग से रहती है। गेल गैस इंडिया के रीजनल अधिकारियों का कहना है कि एनओसी और ठेकेदारों की मनमानी के कारण गैस की सप्लाई शुरू में देरी हो रही है। सिंदरी के स्टोरेज से धनबाद शहर तक मेन राइजिंग पाइप बिछाने का काम 2023 में ही पूरा कर लेना था। लेकिन अभी 20 प्रतिशत काम बाकी है। इसका सबसे बड़ा कारण टेंडर के बाद ठेकेदार का काम करने से इंकार करना था। लेकिन अभी स्थिति ठीक है, काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगस्त तक सिंदरी में गैस सप्लाई का काम शुरू हो जायेगा तथा नवंबर तक धनबाद में यह सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा सिंदरी में स्टोरेज प्लांट खुलने के बाद धनबाद के ढ़ांगी में प्लांट खोलने की योजना है। जमीन चिह्नित कर ली गई है। वहां से गोविंदपुर में भी गैस सप्लाई की जाएगी। इसके साथ ही सब स्टेशन में गैस की होने वाली किल्लत भी दूर होगी। इस साल हमलोगों की 18 हजार घरों तक गैस की सप्लाई शुरू करने की योजना है। अभी धनबाद में 7 सब स्टेशन है, आने वाले दिनों में आमाघाटा सहित 4 जगहों पर सीएनजी सब-स्टेशन भी खुल जाएंगे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ने 22 नवंबर 2018 में प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। अप्रैल 2022 तक घरों में सप्लाई शुरू करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन साल दर साल तारीख बदली, लेकिन सप्लाई शुरू नहीं हा सका।

### नवंबर में सप्लाई शुरू करने का किया जा रहा दावा



स्पीड न्यूज

## भाजपा नेत्री को दी शुभकामनाएं



**गोविंदपुर।** सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो धर्मपत्नी पूर्व जिला परिषद सदस्या भाजपा नैत्री तारा देवी जी को विवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भाजपा नेताओं ने पुष्प गुच्छ दिया। इसके साथ ही विहिप गो रक्षा विभाग गोविन्दपुर प्रखण्ड अध्यक्ष सह भाजपा पूर्वी पंचायत शक्ति केंद्र सह प्रभारी अनिल कुमार आदि ने बीमार चल रहे विधायक इंद्रजीत महतो के शीघ्र स्वस्थ होने की। विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो सचिव धर्मेंद्र माहतो शत्रुघ्न माहतो दिपक धीबर बिजय धीवर सुमित कुमार शुभाष राम सचिन दें आदी शामिल रहे।

## तोपचांची में राजनीतिक दलों के संग सीओ ने की बैठक



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ अहम बैठक हुई। बैठक में उपस्थित तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष के साथ लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को लेकर बैठक की गई। बैठक में विभिन्न पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों को आचार संहिता लागू होने के बाद के नियम बताये गए, ताकि चुनाव के दौरान नियम का उल्लंघन नहीं हो सके। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव कराने की अपील की। मौके पर बीजेपी, कांग्रेस, आजसू, जेएमएम, सीपीआई, सीपीआई(एम), सीपीआई (एमएल), जेएलकेएम सहित अन्य पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

# कोलियरियों की लोडिंग प्वाइंट पर अब नहीं चलेगी गुंडागर्दी

- गोली व फायरिंग पर भी लगेगी रोक, पुलिस और सीआईएसएफ करेगी कार्रवाई

## अपराध नियंत्रण को लेकर धनबाद पुलिस ने कमर कसी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** विभिन्न आउटसोर्सिंग कंपनियों के साथ लोडिंग पॉइंट पर वर्चस्व को लेकर आए दिन होने वाली गोलीबारी, फायरिंग एवं बमबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने अब कमर कस ली है। बुधवार को धनबाद एसएसपी कार्यालय में डीआईजी सीआईएसएफ विनय काजला, सभी एरिया क्षेत्र के जीएम एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में अति महत्वपूर्ण बैठक हुई। बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्र से कोयले की लूट एवं चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई एवं एक दूसरे के सहयोग से शहर एवं लोडिंग पॉइंट और आउटसोर्सिंग कंपनियों के कार्यस्थल पर कानून व्यवस्था खराब होने की स्थिति उत्पन्न न हो, इसको लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक के बाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने बताया कि प्रभावी रूप से जिले में अवैध कोयला खनन, ट्रांसपोटिंग एवं तस्करी के साथ लोडिंग पॉइंट पर आए दिन मारपीट, बमबाजी, गोलीबारी और फायरिंग आदि की समस्याओं पर रोक लगाने के लिए आज संयुक्त बैठक हुई है। बैठक में लोडिंग पॉइंट पर बीसीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनियों एवं सीआईएसएफ को विधि व्यवस्था सुधारने में होने वाली परेशानियों पर विस्तृत चर्चा हुई। भविष्य में सभी के सहयोग से वहां की विधि व्यवस्था ठीक रखने के साथ अवैध कोयला चोरी एवं उसके ट्रांसपोटिंग पर लगाम लगाने के लिए रणनीति के साथ काम करने पर सहमति बनी है।

### अपराधिक चरित्र वालों पर लगेगा सीसीए

वहीं आपराधिक चरित्र के लोग जिनके ऊपर तीन संगीन धाराएं लगा चुकी हैं, फिर दर्ज हो चुकी हैं, उन सभी लोगों पर नए सिरे से सीसीए लगाने की अनुशंसा भी की गई है। वैसे दुर्दांत अपराधी या अपराधी छवि वाले लोग जो जेल से छूट कर आये हैं, उन पर भी नजर रखी जा रही है।

# प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन तीन सेमी कंडक्टर प्लांट की रखी आधारशिला

## आईआईटी आईएसएम में किया गया लाइव स्ट्रीमिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1.25 लाख करोड़ की लागत से बनने वाले तीन सेमीकंडक्टर प्लांट की आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग आईआईटी (आईएसएम) के पेनमैन ऑडिटोरियम में की गई। संस्थान के निदेशक जेके पटनायक ने कहा आज का दिन ऐतिहासिक है। इस प्लांट के निर्माण से देश में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। आईआईटी आईएसएम के छात्र छात्राओं के साथ अन्य आईआईटी के छात्रों को लाभ मिलेगा। लाखों लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। आईआईएससी बैंगलोर के संकाय सदस्य और एजीएनआईटी सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक प्रोफेसर मयंक श्रीवास्तव, जिनका काम इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रो ऑप्टिक डिवाइस में सेमीकंडक्टर सामग्री के अनुप्रयोगों के आसपास घूमता है, ने भारत के नेतृत्व के लिए एक दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान दिया। सेमीकंडक्टर अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रोफेसर धीरज कुमार, प निदेशक और अन्य डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, अनुसंधान विद्वान, छात्र, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# निरसा : भूगर्भ श्रमिकों को सरफेस मजदूरों के रूप में किया गया नियमित

## मजदूरों की चट्टानी एकता की जीत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**निरसा।** बीसीकेयू प्रबंधन ने बुधवार को सरफेस में काम कर रहे भूगर्भ श्रमिकों को सरफेस मजदूरों के रूप मे नियमित करने का आदेश जारी कियाए आदेश की सूचना मिलते ही मजदूरों में खुशी की लहर दौड़ गईए मजदूरों ने इस जीत का श्रेय पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को दियाए वहीं पूर्व विधायक अरुण चटर्जी ने इस जीत को मजदूरों की चट्टानी एकता बताया। ज्ञातव्य है कि बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री पूर्व विधायक सह जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी के नेतृत्व में सरफेश में प्रतिनियोजित श्रमिकों को नियमित करने की लड़ाई लंबे समय से की जा रही थीए इस संदर्भ में क्षेत्रीय श्रमायुक्त धनबाद के यहां भी प्रतिनिधित श्रमिकों को नियमित करने का समझौता हुआ थाए यूनियन द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय पर चक्का जाम आंदोलन तथा इसीएल मुख्यालय सकतोडिया में भी विशाल प्रदर्शन किया गया था इसीएल के अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक को तथ्यों से अवगत कराया गया था। बोर्ड ने मांग पत्र तथा क्षेत्रीय आयुक्त के यहाँ सम्पन्न फैसले के संज्ञान में लेते हुए पिछले दो साल से सरफेस में कार्यरत श्रमिकों को नियमित करने का फैसला लिया है। जिसकी कार्यालय आदेश निर्गत कर दिया गया है। इसीएल के बोर्ड मे लिए जाने वाले इस निर्णय के लिए यूनियन ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के कार्मिक निदेशक के साथ बोर्ड मेम्बर्स को धन्यवाद ज्ञापन किया है तथा सभी मजदूरी को बधाई दिया है। बधाई देने वालो में पूर्व विधायक अरुप चटर्जी के अलावा केन्द्रीय सचिव सह क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम कार्तिक चन्द्र दत्तए रामजी यादवए लालू ओझाए अमित मुखर्जीए तापस चटर्जीए उत्तम करए शंकर सिंहए कमल बाउरीए दीपक सिंहए शंकर महतोए खोरन दासए दिलीप सिंहए विश्वनाथ बारीए मनोज लालए माधव गोराईए माधव रविदासए मागन बाउरीए हरे रामए बुदिरामए परेश सोरेनए हरेतु शर्माए रंजीत मोदी इत्यादि प्रमुख है। बताते चले की पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने नये सीएमडी के समक्ष अपनी पहली बैठक में भी इस मुद्दे के साथ चुनाव कार्य में लगाए गये श्रमिकों के पारिश्रमिक का मुद्दा उठ्या थाए जिसमे सीएमडी साहब में दोमो मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लिया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सरकारी कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**बोकारो/कसमार।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सरकारी कर्मियों को कसमार प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के सहायक शिक्षक रिजवान अहमद उमवि डुंडाडीह के सहायक शिक्षक सुनील कुमार यादव उउवि मंजूरा के रूपेश गुप्ता व उमवि हंसलता के उमेश कुमार महतो के द्वारा मतदान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी पंचायत सेवक जन सेवक हल्का कर्मचारी व अनुसेवक आदि तथा सभी बैंकों के बैंक कर्मी पोस्ट ऑफिस के कर्मी स्वास्थ्य विभाग के बीआरपी सीआरपी आदि को ईवीएम द्वारा मतदान संपन्न कराने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड के सभी महिला कर्मी महिला शिक्षिका तथा बाल विकास परियोजना के महिला कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# साड़ी व्यवसायियों के दो पक्षों में जमकर मारपीट, पिता-पुत्र घायल

## कटपीस साड़ी का करते हैं व्यवसाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** कुमारधुबी क्षेत्र के मैथन रोड स्थित बिजली आफिस के पास बुधवार के दोपहर साढ़े तीन बजे पुराना कट.पीस साड़ी व्यवसायियों के दो पक्षों में मामूली बात पर जमकर मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे का इस्तेमाल हुआ। एक पक्ष की ओर से कैंची से जानलेवा हमला करने का भी आरोप है।

एक पक्ष के पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायल याकुब ;65द्ध एवं उसके पुत्र सद्दाम ;40द्ध को निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। दूसरे पक्ष के भी चार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। कुमारधुबी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### क्या है पूरा मामला




निहाल खान बिजली आफिस के पास स्थित साड़ी गद्दी के पास पाइप से जल छिड़काव कर रहा था। छिड़काव का पानी बगल के सद्दाम की साड़ी गद्दी के पास जा रहा था। जिसका विरोध सद्दाम ने किया और बात बढ़ गयी। दोनों पक्षों में लगभग दस मिनट तक खूब मारपीट हुई। आरोप है कि इस दौरान निशाद खान नामक युवक ने साड़ी गद्दी से कैंची लाकर सद्दाम पर हमला कर दिया। कैंची सद्दाम के कमर के ऊपरी हिस्से में लग गया। कैंची के वार से गहरे जख्म के निशान हो गये। वहीं बीच बचाव करने गये सद्दाम के पिता याकुब को भी सर में में चोट लग गयी। लहूलूहान व जख्मी हालत में दोनों कुमारधुबी ओपी पहुंचे। जहां से पुलिस ने इंजूरी काट कर दोनों को निरसा स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया। वहीं निहाल खान ने बताया कि वो जल छिड़काव कर रहा था। इतने में सद्दाम आया व बेवजह उलझ गया। सद्दाम के पिता व भाई भी आ गये और भाई आरिफ पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। बीच बचाव करने गये तारिकए निशाद व अन्य भी घायल हो गये। इन लोगों का भी पुलिस द्वारा इंजूरी काटा गया है। लेकिन सभी घर पर ही हैं।

## एकल अभियान सिंदरी संघ ने किया कांड्रा में हाइब्रिड बीज का वितरण



**सिंदरी।** एकल अभियान सिंदरी संघ ने बुधवार को कांड्रा बस्ती में महिला समिति की बैठक कर हाइब्रिड बीज का वितरण किया। एकल अभियान के बौद्धिक प्रमुख इंद्रमोहन सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य के साथ संघ के अध्यक्ष भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह काम कर रहे हैं। बागान से झाड़ी हटाओ, सब्जी लगाओ अभियान के तहत 60 महिलाओं के बीच बीज वितरण किया गया है। इनमें नेनुआ, करैला, झिंगली, खीरा तथा लौकी का उत्तम बीज शामिल है। इससे महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आय वृद्धि करने में मदद मिलेगी। मौके पर एकल अभियान सिंदरी संघ के बौद्धिक प्रमुख इन्द्रमोहन सिंह, सचिव अंगद सिंह, उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, प्रमुख दुलाल बाउरी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रतिबंधित मांस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के पतरा टोली में प्रतिबंधित मांस के साथ एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा। सदर थाना पुलिस प्रतिबंधित मांस को जब्त कर जांच में जुट गई है। मामले को लेकर सदर थाना पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है साथ ही एक स्कूटी भी जब्त किया है। जानकारी अनुसार आरोपी युवक तेज रफ्तार से पतराटोली से गुजर रहा था उसी दौरान एक बच्चे को धक्का मरते हुए अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगो ने घटना के बाद जाकर उसे उठाया तो स्कूटी में रखे झोला को देख कर शक हुआ जिसके बाद सदर थाना पुलिस को सूचना दी गई। इधर लोगो ने प्रतिबंधित मांस के तस्करी पर रोक लगाने की अपील प्रशासन से की है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया बंद करने की मांग पर अड़े छात्र

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने का मांग को लेकर छात्र समन्वय समिति ने बुधवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय दिग्घी कैंपस के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर छात्रों का विरोध प्रर्दशन जारी रहा। छात्र समन्वय समिति पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नीड्स बेस असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने समेत आठ अन्य मांगों को लेकर तालाबंदी करते धरना पर बैठे रहे। जहां छात्रों को समझाने कुलपति भी पहुंचे। लेकिन छात्र रोस्टर का पालन नहीं होने का हवाला देते हुए नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने को लेकर कुलपति एवं छात्रों में तीखी नोक-झोंक भी हो गई। छात्रों का प्रतिनिधित्व छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम कर रहे थे। छात्र पोर्टल को बंद करने और नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने तक आंदोलन जारी रखते हुए तालाबंदी जारी रखने का ऐलान किया। छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पर दूसरे प्रदेश के छात्रों पर सीट भी बेचने का आरोप लगाया। समिति ने 5 मार्च को विश्वविद्यालय द्वारा निकाले गए अधिसूचना में नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली को स्थायी कुलपति की नियुक्ति के बाद कराने का मांग पर अड़े रहे। यहां बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से 18 विषयों के लिये 273 पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया। इस विज्ञापन में रोस्टर का घोर उल्लंघन का छात्रों ने आरोप लगाया है। इसकी जांच करके सही रोस्टर जारी करवाकर फिर बहाली प्रक्रिया शुरू करने एवं बहाली प्रक्रिया के लिए एपीयरिंग छात्रों को अवसर देने का मांग किया। झारखंड पात्रता परीक्षा जेट की परीक्षा होने के बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कराने एवं पीएचडी शोधकर्ताओं को वर्ग में पढ़ाने का अवसर देने का मांग किया है। छात्रों को कुलपति ने छात्रहित में निर्णय लेने का आश्वासन देते हुए एचआरडी, रांची प्रेषित कर दिया था। इस अवसर पर राजीव बास्की, ठाकुर हांसदा, प्रमिला सोरेन, बबीता मरांडी, दीपक कुमार, बाबूलाल आदि मौजूद थे।

# इलेक्टोरल बांड के विरोध में सीपीआईएम ने सबसे पहले कोर्ट में डाली थी याचिका

## सीपीआईएम के सदस्यों में हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सिंदरी।** इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई द्वारा ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपने की खुशी मनाते हुए सीपीआई (एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी की बैठक केडी कालोनी में बुधवार को हुई। न्यायालय में पार्टी ने सबसे पहले बॉन्ड के विरोध में याचिका दायर की थी। बताते चलें कि आइएनडीआइए की गठबंधन में सीपीआई (एम) भी एक सदस्य है और इसके साथियों की कलई खुलने का फायदा और नुकसान पार्टी को भी हो सकता है। लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि एसबीआई ने न्यायालय की फटकार व आदेश के बाद मंगलवार को इलेक्टोरल बॉन्ड का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंप दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक वेबसाइट पर विस्तृत ब्योरा डाउनलोड करने को कहा है। सभी मतदाताओं को जानने का हक है कि किन किन राजनीतिक दलों ने किससे कितना पैसा लिया है। इस याचिका में सीपीआई(एम) की जीत हुई है। बैठक की अध्यक्षता राम लायक राम ने की। मौके पर जनवादी महिला समिति की अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिठू दास, सुबल चंद्र दास, सीता देवी, राज नारायण तिवारी, अनिल शर्मा, राम लाल महतो, प्रफुल्ल स्वैन्न मौजूद थे।

## लाभुकों को मिला आयुष्मान कार्ड और पीपीई किट

**धनबाद।** प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल के उद्घाटन के अवसर पर बुधवार की शाम न्यू टाउन हॉल में नगर निगम द्वारा लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड व पीपीई किट का वितरण किया गया। साथ ही पीएम-सूरज पोर्टल का भी प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया, जिसका प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। संतोषिनी मुर्मू ने बताया कि का र्यक्रम में 30 लाभुकों के बीच पीपीई किट का वितरण किया गया तथा सोहन डोम, रंजीत कुमार भूंईया व रामदास को आयुष्मान कार्ड दिया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सहायक नगर आयुक्त सन्नी कुमार आदि मौजूद थे।

## सिंदरी विद्यापति परिषद के चुनाव को लेकर झमेला, कार्यालय में तालाबंदी

### 26 जनवरी को परिषद का होता है चुनाव लेकिन इस बार 31 मार्च को होगा चुनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** विद्यापति परिषद सिंदरी के कार्यालय में बुधवार की सुबह लगभग 8 बजकर 30 मिनट पर सील तालाबंदी को लेकर हंगामा मच गया। तालाबंदी की बात विद्यापति की सदस्यता प्राप्त मनोज मिश्र ने स्वीकार की है। हालांकि परिषद प्रबंधन ने लगभग एक घंटे बाद इसे खोल दिया। परिषद अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा परिषद कार्यालय में तालाबंदी की गई थी। लगभग एक घंटे बाद इसे खोल दिया गया है। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि अध्यक्ष व सचिव की टेलीफोनिक वार्ता पर सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी के शिक्षक सह परिषद सदस्य भास्कर झा ने इसे खोल दिया है। उधर तालाबंदी की स्वीकारोक्ति करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अनिश्चितकालीन तालाबंदी की है। ताला तोड़ने या खोलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

विगत 70 वर्षों से 26 जनवरी को परिषद का चुनाव किया जाता रहा है। इस वर्ष संविधान को दरकिनार कर परिषद का चुनाव 31 मार्च को किया जाना है। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के सदस्य परिषद को चलायमान कर रहे हैं और इससे अन्य सदस्यों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# झामुमो के शब्दकोश में विकास नाम का शब्द नहीं: सुदेश महतो

## आजसू का ग्राम प्रभारी सम्मेलन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**तोपचांची।** बुधवार को तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह स्थित टेकलाल महतो स्टेडियम में आजसू पार्टी द्वारा लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 विधानसभा के ग्राम स्तरीय बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी वर्तमान समय में लोकसभा व विधानसभा दोनों ही चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने जेएमएम पर प्रहार करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन से व्यक्तिगत रुप से कोई स्पर्धा नहीं है, लेकिन राजनीतिक स्पर्धा जरुर है। जेएमएम पार्टी के शब्द कोष में विकास नामक शब्द नहीं है। जेएमएम को राज्य चलाने का कई पर अवसर मिला, परन्तु विकास से राज्य दूर रहा। राज्य में नित्य नये भ्रष्टाचार की कहानी सामने आ रही है। नौकरियों को 25-25 लाख रुपया में बेच दिया जा रहा हौ। राज्य सरकार पत्थर बालू और कोयला लूटने में व्यस्त है। राज्य की वर्तमान सरकार जहां भ्रष्टाचार की किताब लिख रही है, वहीं हम लोग केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ मिलकर विकास की किताब लिख रहे हैं. झारखंड राज्य में अधिकारियों का रेट तय कर दिया जाता है तभी तो तैनात अधिकारी वसूली में व्यस्त रहते हैं। किसी भी संसदीय क्षेत्र में यह पहली बार होगी जब उस क्षेत्र के संसद द्वारा किए गए विकास कार्यों को सूचीबद्ध करके जनता के बीच रखा जाएगा।

### सांसद ने पेश किया विकास का रिपोर्ट कार्ड

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने विकास कार्यों को विकास कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि राज्य में जो रेंगने वाली सड़कें थी, वह टू लेन या फोर लेन में बदल गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुछ योजनाओं को पूरा करने में बाधा डाल रही है। पीएम आवास, जल नल योजना सहित कई योजनाओं को तरह-तरह के हथकंडे अपना कर बाधित कर रखा है। मौके पर विधायक लंबोदर महतो, पुर्व विधायक अकिल अख्तर, यशोदा देवी, उमाकांत रजक, देवशरण भगत, मंटू महतो, हलधर महतो, रमेश मुनि, गिरिधारी महतो, संतोष महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## तोपचांची के शर्मा वस्त्रालय में 10 लाख रुपये के कपड़ों की चोरी



**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमो-तोपचांची मार्ग स्थित शर्मा वस्त्रालय में चोरों ने मंगलवार की रात लगभग 10 लाख रुपये के कपड़ों की चोरी कर ली। दुकानदार रौनक शर्मा उर्फ बिरु शर्मा ने बताया कि आधी रात को चोर दुकान में रखे करीब 10 लाख के कपड़े उठा ले गए। सिर्फ कुछ को छोड़कर सारे कपडे चोर लेकर चले गए हैं। घटना के बाद तोपचांची पुलिस पहुंची व जांच-पड़ताल में जुट गई है। घटना स्थल से तोपचांची थाना मात्र कुछ मीटर दूर है। ऐसे में चोरी की बड़ी घटना पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर देती है।

## स्पीड न्यूज

### रोजा रखे लोगों की मस्जिदों में उमड़ने लगी भीड़

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह माहे रमजान सोमवार शाम चांद देखे जाने के बाद मंगलवार से शुरू हो गया है। इस मौके पर रोजा रखे लोगों की मस्जिदों में भीड़ उमड़ने लगी है। रमजान माह के प्रथम दिन से ही मस्जिदों में रात में तरावीह होने लगी है मरकच्चो के जामा मस्जिद, देवीपुर के मोती मस्जिद, शाहगंज मस्जिद, कर्बला नगर मस्जिद, मूर्कमनाय, दशारो, पपलो, लोहोंडियो, नवादा महुआटांड़, तेलियामारण, मेहतरिया अहरी आदि समेत मुस्लिम बहुल इलाकों के मस्जिदों में नमाजियों व तरावीह सुनने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

### नेशनल जोनल्स टूनार्मेंट के लिए दो खिलाड़ियों का चयन



**जयनगर (कोडरमा)।** ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकल चैलेंज के तत्वाधान में पश्चिम बंगाल के हुबली में 1 से 3 अप्रैल तक आयोजित नेशनल जोनल्स टूनामेंट के लिए ईस्ट जोन की टीम में कोडरमा जिला से विकास यादव को शामिल किया गया है। झारखंड राज दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि 90 खिलाड़ियों के ट्रायल में झारखंड से दो खिलाड़ी का चयन हुआ, जिसमें विकास कुमार यादव कोडरमा से और पाकुड़ से आर्यन कुमार गुप्ता के टीम में शामिल होने पर परिवार में खुशियों की लहर है।

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक, कई प्रस्ताव पारित

**कोडरमा।** बुधवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज कोडरमा की मासिक बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई जिसमें कई सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा से मांग की गई कि विभिन्न पेंशन अदालत में आई समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन किया जाए। साथ ही यह भी मांग की गई कि 01.01.2006 के पूर्व सेवानिवृत शिक्षकों से सप्तम पेंशन पुनरीक्षण में की गई विसंगति को दूर किया जाए। वहीं प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त कोडरमा से मांग की गई की पेंशनर समाज कार्यालय कोडरमा के लिए गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति की व्यवस्था करवाई जाए। अंत में दिवंगत पेंशनर वसीम परवेज एवं सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सुभाष शर्मा, मदन मोहन ओझा, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, उर्मिला देवी, अर्जुन दुसाध, पूर्व प्रधानाध्यापक नारायण मोदी, लखन लाल राम, नगीना पासवान, सिराजुद्दीन अंसारी, सीता प्रसाद, मुनेश्वर प्रसाद सिंह, रामनरेश चैधरी आदि पेंशनर उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने झारखंड सरकार को जताया आभार

**चतरा।** चंपाई सोरेन के कैबिनेट में 30 प्रस्ताओं पर मुहर लगने को लेकर मयूरहंड प्रखंड के स्वयंसेवकों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवकों में खुशी का माहौल है। बतादें कि राज्य के स्वयंसेवकों ने पिछले 247 दिनों से राजभवन के समक्ष लगातार धरना पर थे। आभार देने में संजय कुमार, रमाकांत मिश्रा, पंकज कुमार रविदास, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, ग्रीन कुमार दास, प्रकाश कुमार यादव, रामप्रवेश कुमार, रीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, ज्ञात्री कुमारी, इंद्रदेव यादव, शिबू कुमार यादव, सुनील कुमार यादव हैं।

### चोरी की मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा।** रेलवे स्टेशन से एक यात्री का मोबाइल चोरी होने की शिकायत पर जीआरपी ने एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से छानबीन के क्रम में चोरी की गई मोबाइल बरामद कर ली गई। इस संबंध रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने बताया कि स्टेशन में गश्ती के दौरान प्लेटफार्म संख्या 4 से एक यात्री की मोबाइल चोरी हो जाने की शिकायत के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा गया, जिसके पास से तलाशी के दौरान चोरी की मोबाइल बरामद हुई। आरोपी की पहचान चंदवारा थाना निवासी राजेश यादव पिता स्वर्गीय लेखो यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में रेल थाना में एक मामला दर्ज करते हुए आरोपी को रेल न्यायालय धनबाद भेज दिया गया।

### श्री श्याम शरण में आजा रे... की बैठक में द्वितीय वार्षिक महोत्सव धूम धाम से मनाने का निर्णय



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम शरण में आजा रे.... की एक बैठक शिव वाटिका में आयोजित की गई। जिसमे 29 और 30 मार्च को आयोजित होने वाले द्वितीय श्री श्याम महोत्सव को धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 29 मार्च को एड्डी बंगला रोड स्थित दुर्गा मंडप से बाबा श्याम कि झांकी के साथ 301 निशान में महिलाएं, पुरुष निशान लेकर स्टेंशन रोड, झंडा चैक, पूर्णिमा टॉकीज, महाराणा प्रताप चैक होते हुए कार्यक्रम स्थल शिव वाटिका पहुंच कर संपन्न होगी। निशान यात्रा में बाबा श्याम का आलौकिक दरबार भी साथ साथ चलेगा, इसमें धनबाद के अभिषेक सिंघल भजन प्रस्तुत करेंगे। देर शाम स्थानीय श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 30 मार्च को 2 बजे से महोत्सव की शुरूआत होगी, जिसमे बाबा श्याम का भव्य दरबार लगाया जाएगा। अखंड ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सबसे पहले कोलकाता से आए डॉक्टर हरीश भारती के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद संध्या 5 बजे से स्थानीय एवं विभिन्न राज्यों से आए हुए गायकों के द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात भारत के मशहूर भजन गायक कोलकाता के तुषार चैधरी और जयपुर की रजनी राजस्थानी के मुखारबिंद से भजनों की शानदार प्रस्तुति होगी।

## इंडिया महागठबंधन ने पीएम मोदी और ईडी का फूंका पुतला, निकाला प्रतिवाद मार्च

# जनता चुनाव में मुंहतोड़ जबाब देगी : इंडिया

● राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की गिरफ्तारी से महागठबंधन आक्रोशित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** देश भर में लोकसभा चुनाव के पूर्व विपक्षी पार्टी के नेताओं पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के जरिये विपक्षी नेताओं को जेल भेजने और छापेमारी करने के खिलाफ इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता आक्रोशित है। चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव की ईडी द्वारा गिरफ्तारी और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के घर ईडी छापेमारी का महागठबंधन ने विरोध जताया है। इंडिया महागठबंधन ने बुधवार को सतगावां प्रखंड के साप्ताहिक हाट मैदान में सभा आयोजित कर विरोध दर्ज कराया। सभा की अध्यक्षता सीताराम राय व संचालन राजद के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने किया। वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की गिरफ्तारी के विरोध में साप्ताहिक हॉट मैदान से मरचोई मोड़ तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। वहीं महागठबंधन ने पीएम मोदी, ईडी व स्थानीय सांसद का पुतला फूंका। वहीं सभा को राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, राजद नेता अवधेश प्रसाद यादव, जिप सदस्य सह सीपीआई नेता महादेव राम, माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू, सीपीएम जिला सचिव असीम सरकार, आप जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, किसान समन्वय समिति के उदय द्विवेदी, सरफराज नवाज आदि ने संबोधित किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्षी नेताओं से डर गई है। विपक्षी नेताओं को साजिश रचकर जेल भेज रही है। केंद्र की मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों और भाजपा के 10 साल के नाकामियों को गिनाने वाले लोगों पर कर रही है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव पूर्व सर्वे कराया था, इस सर्वे में विपक्ष के जो भी नेता भाजपा उम्मीदवार को हराने में आगे दिखे, उन्हें भाजपा में शामिल कराने का दबाब दिया जा रहा है और शामिल नही होने पर ईडी भेजा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष के कई नेताओं ने भाजपा के साजिश का डटकर मुकाबला किया। जेल जाना पसंद किया, लेकिन भाजपा को दरकिनार किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि, कोडरमा में राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की लोकप्रियता बढ़ता देख भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी को हार का डर सताने लगा था, जिसके कारण ही षड्यंत्र रचकर चुनाव के समय ईडी से गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। महागठबंधन जनता के चट्टानी एकता के साथ भाजपा के षड्यंत्र और 10 साल के विनाशकारी नीतियों का चुनाव में करारा जबाव देगी। वक्ताओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का आह्वान किया। मौके पर महेंद्र यादव, बालगोविंद पांडेय, विजय सिंह, अजित यादव, धनंजय यादव, लालदेव प्रसाद यादव, अमर कुमार रामबालक यादव, डॉ सरयू प्रसाद यादव, मो इरशाद, दिवाकर कुमार, बिक्रम कुमार, इंद्रदेव प्रसाद, बिनोद यादव, शंकर यादव, ब्रम्हदेव यादव, संतोष कुमार निराला, मिथलेश कुमार, शीला देवी, गीता देवी आदि मौजूद थे।

## रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने किया बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के मयूरहंड के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नव चयनित प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र नायक ने किया। वहीं संचालन कैलाश चंद्रवंशी ने किया। बैठक में नवचयनित प्रखंड अध्यक्ष को गरम जोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकताओं ने जम कर पार्टी के पक्ष में नारेबाजी की। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इटखोरी के भद्रकाली मंदिर परिसर में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन होना है। मंत्री 15 मार्च को आकार बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें इटखोरी के अलावा मयूरहंड समेत अन्य कई प्रखंडों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यकताओं के बीच भारत सरकार के रक्षा मंत्री अपनी बातों को रखेंगे। कार्यकताओं के संबोधन में पार्टी के रीढ़ कहे जाने वाले कार्यकर्ता को स्पेशल समय देंगे। पार्टी कार्यकताओं ने इसकी तैयारी जोर सोर से कर रहें है। मयूरहंड के हर बूथ में 31 सदसीए कमिटी गठित की गई है। इनमे से प्रत्येक बूथ के सदस्यों को कार्यक्रम में ले जाने का लक्ष्य लिया है। बैठक में नित्यानंद सिंह, राशिकशिरोमणी, संजय प्रजापति, मुरली मेहता, लक्ष्मी राणा, नीरज सिंह, विवेक सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना को लेकर लगाया गया ब्रेकेटिंग



**मरकच्चो (कोडरमा)।** सड़क दुर्घटना रोकने और उसमें कमी लाने के लिए प्रखंड प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। प्रखंड प्रशासन ने कोवाड कोडरमा मुख्य मार्ग स्थित दशारोखुर्द में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए बुधवार को सड़क किनारे ब्रेकेटिंग लगाया ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। वाहनों की गति को कम करने के लिए इस स्थान पर अस्थाई रूप से बरेकेटिंग लगाया गया। थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होने का खतरा रहता है। वाहनों की गति को कम करने के लिए उन स्थानों पर अस्थाई रूप से ब्रेकेटिंग लगाया गया है। बता दें कि वाहनों को तेज गति से चलाने के कारण इधर सड़क हादसे ज्यादा हो रहे हैं। कुछ दिन पहले मोटरसाइकिल दुर्घटना में दशारो खुर्द के एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## एसडीओ ने किया बुथ का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौ।** एसडीओ सन्नी राज बुधवार को प्रखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। प्रखंड के सभी क्लस्टर व यहां के दर्जनों बूथों पर पहुंचे। यहां व्याप्त सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस चुनाव में पहली बार बनने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अनुमंडल पदाधिकारी सबसे पहले प्रखंड कार्यालय पहुंचे। यहां प्रखंड कार्यालय के विभिन्न पंजियों का अवकोकन कर सीओ व बीडीओ के साथ बारी बारी से गिद्धौ के बूथ संख्या 173, 174 व 175 पर पहुंचे। और कई बिंदुओ पर जानकारी जुटाई। शौचालय, बिजली, पानी व क्लस्टर की भौतिक स्थिति से अवगत हुये। इसके बाद बारीसाखी क्लस्टर पर पहुंचा। यहां व्याप्त सुविधाओ व समस्याओं से अवगत हुये।यहां उन्होंने अधूरे पड़े प्लस टू विद्यालय भवन पर नाराजगी जताई। और संवेदक को इसे एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।यहां उन्होंने बूथ संख्या 157, 158 व 159 का निरीक्षण किया। एसडीओ गांगपुर व बांय स्थित बूथ संख्या 185 व 190 पर भी पहुंचे। उन्होंने कई जगहों पर मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाताओं से आसन्न चुनाव में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील भी की। एसडीओ प्रखंड में चुनाव तैयारी से संतुस्ट दिखे। इस मौके पर सीओ राकेश सहाय, बीडीओ राहुल देव, थाना प्रभारी अमित कुमार, बीपीआरओ दिगम्बर पांडेय मौजूद थे।

### छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** प्रखंड कॉलोनी इटखोरी व आदर्श मध्य विद्यालय इटखोरी के स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके पूर्व बीपीओ दीपक मेहरा प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह प्रधानध्यापक भोला नाथ पांडेय समेत अन्य ने मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। विद्यालय परिसर से निकाली गई रैली में छात्र-छात्राएं ने हिदू मुस्लिम, सिख इसाई मिलकर वोट करो सब भाई.., बूढ़े हों या हों जवान सभी करे मतदान.. जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थें। रैली उपरांत दोनों ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा ईवीएम, वीवीपैट, स्वीप सहित अन्य आकृतियां प्रदर्शित कर मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीपीओ दीपक मेहरा प्रधानध्यापक भोला नाथ पांडेय अरुण कुमार ने कहा कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं मतदान का बहुत ही महत्व है। हम सबको मिलकर सभी नगर वासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। इस संबंध में सभी छात्रों को संकल्प दिलाया गया कि आप अपने आसपास के 10-10 मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। साथ ही अपर कलेक्टर द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### राजद कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



**चतरा।** हंटरगंज में मंगलवार को राजद कार्यकताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। राजद कार्यकताओं के द्वारा राजद नेता सुभाष यादव को ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राजद नेता और मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव ने कहा भाजपा अपने आंतरिक सर्वे से घबरा गई है और चुनाव को हारते देख इस तरह से अपने विपक्षियों को परेशान करने का काम कर रही है। राजद कार्यकताओं के द्वारा हंटरगंज पानी टंकी से मसाल जुलूस निकाला गया। पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन और मसाल जुलूस हंटरगंज डाक बंगला के पास पहुंचा। जंहा प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव के अलावा राजद नेताओं ने भी भाजपा पर ईडी का इस्तेमाल कर अपने विपक्षियों को परेशान करने का आरोप लगाया। इस मौके पर काफी संख्या में राजद के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने कोडरमा प्रखंड के सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

# चेकपोस्ट पर नियमित वाहनों की करें चेकिंग : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज कोडरमा प्रखंड का दौरा कर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के मेघातरी और कुशहना गांव के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मतदाता सूची का निरीक्षण किये और बीएलओ से मृत मतदाताओं का नाम हटाने, नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने यादि की जानकारी ली। उपायुक्त ने स्वयं घर घर जाकर मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम है या नहीं, इसका सत्यापन किया और जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हैं उसका फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया। उपायुक्त ने बीएलओ को निर्देश दिये कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप बनाये और बूथ अवेयरनेस ग्रुप व मुखिया के संग बैठक कर आमलोगों के बीच मतदाता सूची को प्रस्तुत करें और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करने का निर्देश दिये।

### मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली पानी शौचालय इत्यादि की जानकारी ली। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को कहा गया। मतदान के दौरान किसी भी मतदाताओं के साथ साथ पोलिंग पार्टी को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके मद्देनजर सारी सुविधाएं सुदृढ़ करें।


### मेघातरी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

उपायुक्त ने मेघातरी चेकपोस्ट का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की नियमित जांच करें और रजिस्टर संधारण करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचल अधिकारी गिरेंद्र टुटी, एपीआरओ अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### उमानाथ मंदिर से मुख्य प्रतिमा को छोड़ विभिन्न देवी देवताओं के 7 मुकुट चोरी

● आरोपी की धड़ पकड़ के लिए पुलिस खगांल रही है सीसीटीवी फुटेज



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के करमा स्थित उमानाथ मंदिर से मुख्य प्रतिमा को छोड़ विभिन्न देवी देवताओं के 7 मुकुट चोरी कर ली गई है, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार बताई गई है। घटना बुधवार सुबह 10 बजे की बताई गई है। घटना के वक्त मंदिर के पुजारी चाय पीने के बगल के होटल में गए हुए थे। इसी क्रम में चोर घटना को अंजाम देकर सड़क मार्ग से पैदल जाने के क्रम में सीसीटीवी में कैद हो गया। बाद में मंदिर के आस-पास रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना तिलैया थाने को दी। मंदिर में चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। मंदिर में चोरी की घटना के बाद सीसीटीवी में कैद आरोपी कि धड़-पकड़ के लिए पुलिसिया कार्रवाई तेज कर दी गई है। घटना को लेकर जहां एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक टीम कोडरमा स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगलाने में व्यस्त रहे, वही जिले के टेक्निकल सेल से लेकर क्यूआरटी, पैंथर व पुलिस जवान शहर के सभी बस स्टैंड से लेकर कोडरमा स्टेशन तक आरोपी को ढूंढने में लगे रहे। इधर इस संबंध में एसडीपीओ श्री उरांव ने बताया कि आरोपी की पहचान की जा रही है जल्दी ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### एसओएफ इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 20 बच्चों को मिला गोल्ड मेडल




**कोडरमा।** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में सेक्रेड हेड स्कूल के 20 बच्चों को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। इसमें वर्ग 1 से वर्ग दशम तक के बच्चे शामिल हैं। गोल्ड मेडल पाने वाले बच्चों में रुद्र कुमार, निशांत कुमार, अंकित कुमार, सौरभ कुमार, अपूर्व कुमारी, आयुष कुमार, अन्वी सिंह, अमित करण, सुभद्रा, गौरव रंजन, अंकित कुमार, कुंदन कुमार, मयंक वर्णवाल, सुलव कुमार प्रजापति, मधु कुमारी, एकता राज, अनमोल राज, अभिनव सिंह, स्वर्णम राज और सत्यम कुमार गुप्ता के नाम शामिल हैं। बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को अभिभावकों के साथ मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर तरह की प्रतियोगिताओं में सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चे सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने सभी बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रवीण कुमार, किशोर कुणाल, सीमा जैन, कामिनी सहाय, रमेश कुंज, विक्की कुमार, पवन ठाकुर, सुजीत प्रताप, अलका सिंह, कुंतल जेठवा, पूजा सलूजा, स्वाति कुमारी, सरोज पांडेय, मरियम हसन, रूबी वर्मा, स्वीटी सिन्हा और अलका सिंह के अलावा बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

### जमीन के रजिस्ट्री केवाला करने में भ्रष्टाचार चरम पर : माले

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले नेता मुन्ना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोडरमा निबंधन कार्यालय में निबंधन पदाधिकारी के द्वारा लेनदेन का मामला चल रहा है, जिसके कारण खतियानी जमीन को बिना वंशावली के केवाला किया जा रहा है। नियम कानून को ताक पर रखकर निबंधन पदाधिकारी के द्वारा जमीन का रजिस्ट्री किया गया है। अंचल चंदवारा थाना नंबर 3, मौजा लाराबाद खाता नंबर 19 प्लॉट नंबर 56 रकवा 199 डीसमील मद्दे बिक्री रकवा दो डिसमिल जमीन 11 दिसंबर 2023 को खतियान के द्वारा केवल किया गया। केवाला वंशावली के आधार पर होना चाहिए था, बिना वंशावली व लगान रसीद लगाए केवाला कर दिया गया। निबंधन पदाधिकारी के मिली भगत से कई केवाला इस तरह का किया गया है। लगान रसीद, वंशावली नहीं लगाकर खतियान के जमीन का केवाला किया गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि कार्यालय में भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है, जिसका उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए। वहीं भाकपा माले नेता मुन्ना यादव ने कहा कि अंचल चंदवारा दाखिल खारिज केस नंबर 1536 वर्ष 2023/2024 वंशावली व लगान रसीद नहीं लगाकर रजिस्ट्री करने के कारण 12 मार्च 2024 को रिजेक्ट कर दिया गया हं, जिसका प्रमाण मेरे पास है।

### ट्राईबल लेंग्वेज डे पर एक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कोडरमा में ट्राईबल लेंग्वेज डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान डायट के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार ने कहा कि जनजातीय भाषा के गरिमा और अस्मिता को बनाए रखने के लिए इस तरह की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना अतिआवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित समन्वय के रूप में संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद एवं संकाय सदस्य सुमंत कुमार ने इस अवसर पर अपनी अहम भूमिका निभाई एवं कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया। वहीं इस दौरान जनजातीय भाषा आधारित समूह नृत्य एवं जनजातीय भाषा आधारित एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एकल गायन में प्रथम स्थान लक्ष्मी मुर्मू कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मरकच्चो, द्वितीय स्थान पर सुहानी कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेकोबार कोडरमा एवं तृतीय स्थान पर साजिया प्रवीण कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा ने प्राप्त किया। वहीं समूह नृत्य में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मरकच्चो, द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जयनगर व तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोडरमा ने प्राप्त किया। संतावना पुरस्कार के रूप में झारखंड आवासीय विद्यालय डोमचांच ने प्राप्त किया।

स्पीड न्यूज

### आरआइटी मोड़ से ट्रक की चोरी, केस दर्ज

**गम्हरिया।** आदित्यपुर-कांड्रा मुख्य मार्ग पर आदित्यपुर थाना अंतर्गत आरआइटी मोड़ के समीप से एक ट्रक (संख्या- जेएच05एजे/9308) की चोरी हो गयी। इस बाबत ट्रक मालिक मो अब्दुल जब्बार खान ने आदित्यपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए खोजबीन करने की गुहार लगायी है। बीते मंगलवार की शाम आसिक खान नामक चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर घर गया था।

### श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा 20 मार्च को

**जमशेदपुर।** शहर के श्याम भक्तों के बीच उत्सव का रूप ले चुकी श्री श्याम रात्रि ग्यारस निशान यात्रा के तत्वावधान में इस वर्ष 20 मार्च को विशाल श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जायेगी। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए समिति के अनिल मोदी,विमल अग्रवाल एवं अनिल खंडेलवाल ने बताया कि समिति द्वारा हर माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निशान यात्रा निकाली जाती है। इस माह समिति की यह 148 वीं यात्रा होगी।

### डिग्री कॉलेज को स्वीकृति सीएम के प्रति आभार जताया

**जादूगोड़ा।** झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्रीमंडल में राज्य के 24 जिलों के प्राथमिक विद्यालय में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति व घंटी आधारित प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रति घंटी -200/ रुपये व प्रतिदिन अधिकतम 600/ रुपये तक मानदेय दिए जाने के झारखंड कैबिनेट के फैसले का जादूगोड़ा निवासी सह भारतीय आदिवासी भूमिज समाज के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश सरदार ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रति आभार जताया है।

### रेडक्रॉस के शिविर में 72 ग्रामीणों का इलाज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के सी.एस.आर. कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन माटीगोड़ा पंचायत भवन, जादूगोड़ा में सम्पन्न हुआ। जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. जया मोईत्रा ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की।

### कल टीबी मरीजों को रेडक्रॉस देगा पोषण पैकेट

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पिछले 19 महीने से टीबी मरीजों के सहायता हेतु चलाये जा रहे प्रधानमंत्री टीबी फ्री इंडिया कार्यक्रम के तहत 20वें माह का पौष्टिक राशन सामग्री वितरण 15 मार्च को रेड क्रॉस भवन, साकची में संध्या 3 बजे आयोजित किया जायेगा। मार्च माह के 100 पैकेट के लिए बर्जर ग्रुप की कम्पनी एसटीपी लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत सहयोग किया जा रहा है।

### रचना नरेड़ी की स्मृति में 16 से नेत्र शिविर

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति रचना हेल्थकेयर फाउंडेशन के संयोजन में नेत्र शिविर का आयोजन स्व. रचना नरेड़ी की स्मृति में 16 से 18 मार्च 2024 तक आयोजित किया जायेगा। 16 मार्च को बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र रोगियों की जांच की जायेगी तथा ऑपरेशन योग्य मरीजों का चयन किया जायेगा, जिन मरीजों का चयन किया जायेगा, उनका ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण 17 मार्च को होगा।

### उपायुक्त ने हेल्पलाइन वाहन को किया रवाना

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से 181 महिला हेल्पलाइन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर के जरिये होने वाले कार्यों के विषय पर आमजनों को जागरूक किया जायेगा। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से घर के भीतर या बाहर किसी भी रूप में पीड़ित व संकटग्रस्त महिला को आपातकालीन सुविधा तत्काल उपलब्ध करवाया जाता है।

# चलो रे सखियां चलो दादी के दरबार में... भजन पर झूम उठी महिलाएं

- महामंगलपाठ में 1100 महिलाएं शामिल, जय दादी की जयकारों से गूंज उठा मंदिर परिसर
- महालक्ष्मी मंदिर में तीन देवियों की पूजा संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची ठाकुरबाड़ी रोड़ में महालक्ष्मी, राणी सती दादी, अंजनी माता मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के अवसर पर आज तीनो देवियों का विशेष पूजा हुई। पूजन का सभी कार्य विधिवत रूप से पुरोहितो के पावन सानिध्य में वेद मंत्र के ज्ञाता 11 पुजारियों ने पूजा अर्चना करवायी और विधि-विधान के साथ विशेष आरती हुई। तीन देवियों का आकर्षक श्रृंगार किया गया, राणी सती दादी को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। दोपहर 2.30 बजे से शुभारंभ हुए राणीसती दादी के भव्य मंगलपाठ में 1100 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। मंगलपाठ एवं भजन के लिए तीन देवियों का भव्य दरबार सुबह से ही सजा हुआ था। हजारों श्रद्धालुओं ने दादी की ज्योत का दर्शन किया। मंगलपाठ का वाचक करते और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देने के दौरान कोलकाता के ख्याति प्राप्त मंगलपाठ वाचक मोहिनी केडिया ने चालो रे सखियां चालो दादी के दरबार में., जय दादी की बोल हर काम तेरा हो जाएगा, दादी मंगलम दादी नाम मंगलम, झुंझनू से आयी दादी तनधन जी भी साथ हैं, आवो माँ आवो, दादी का परिवार हैं, मेरा साथी खाटू वाला है, आज म्हारे आंगणिये में राणी सती जी आई जी, भक्तां पर जब भीड़ पड़ी तब दौड़ी-दौड़ी आई, मारो श्याम बसे खाटू माही सालासर में बजरंगी राणी सती राज करेगी झुंझुनू के माई, चिटठी आई रे झुंझुनू से म्हारी दादी की चिटठी आई रे आदि एक से बढ़कर एक भजन गाकर भक्तों को खूब झुमाया। भजनों के साथ नृत्य नाटिका की भी कलाकारों ने प्रस्तुति दी। मंगल पाठ एवं भजनों के दौरान भक्तगण नाचते-गाते एवं दादी जी और बाबा श्याम का जयकारा लगाते हुए महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया। राजस्थानी परिधानों से सजधज कर महिलाओं ने महामंगल पाठ किया। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा फूलों की होली खेली गयी।



**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित :** आज के सभी धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप कमल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, ओमप्रकाश रिंगसिया, सुरेश कांवटिया, राजकुमार चंदुका, आर के चौधरी, सुनील सिंहानिया, नरेंद्र कुमार जैन, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, अंकित अग्रवाल गोलु, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, अभिषेक भालोटिया, प्रमोद जालुका, नरेश संघी, ऋभु अग्रवाल, विष्णु धानुका, गुडडु शर्मा, मिन्टु अग्रवाल, सुरेश खेमका, अंकित अग्रवाल, नरेश मोदी, सुमित अग्रवाल, अंकित मोदी, गौरव अग्रवाल, सुनील जैन, रितेश जालुका आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव से 370 वोट अधिक लाना है : कर्मवीर सिंह

- लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न
- प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक
- बूथों की मजबूती पर जोर देकर वक्ताओं ने दिया जीत का मंत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय सीट पर भाजपा पिछले दो बार से लगातार जीत दर्ज करती आई है। लोकसभा चुनाव में इस बार जमशेदपुर सीट पर पिछली बार के मुकाबले और बड़ी जीत दर्ज करने के लिए भाजपा ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। बुधवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनावी कार्यालय में जमशेदपुर महानगर एवं पूर्वी सिंहभूम के भाजपा जिला पदाधिकारी एवं लोकसभा चुनाव के निमित्त बनाये गये छह विधानसभा के प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजक की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। साकची स्थित चुनावी कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं लोकसभा चुनाव की रणनीति पर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद ने चुनाव के निमित्त अबतक की तैयारियों का संपूर्ण रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।

बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नेताओं को लोकसभा चुनाव की जीत का मूल मंत्र देकर तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनावी कार्य प्रारंभ हो गए हैं, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को जो भी दायित्व दिये गये हैं, वे सभी अपने-अपने दायित्वों को लेकर मंडल के संबंधित पदाधिकारी एवं बूथ समिति तक जायें और उन्हें इसकी जानकारी देकर कार्यों का निष्पादन करें। कर्मवीर सिंह ने कहा हमें बूथों पर 10% मतदान भाजपा के पक्ष में सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों को बूथ स्तर तक लेकर जाना है। इसके लिए अपने बूथ पर पिछली बार के मुकाबले 370 वोट अधिक लाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करना है। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बूथों को सशक्त बनाने हेतु कई निर्देश भी दिए।

वहीं, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बैठक में विधानसभा वार विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी छह विधानसभा के प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों से अति शीघ्र सभी तैयारियों को पूर्ण करने का आह्वान किया।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह।

**खास बातें:** मंच संचालन सह संयोजक लक्ष्मण टुडू एवं धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक बरकुंवर गागराई ने किया। बैठक में जमशेदपुर लोकसभा के संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, सह संयोजक बरकुंवर गागराई, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, सौरव चक्रवर्ती, बाटू साव, हराधन सिंह, सुमन कल्याण मंडल, मिथिलेश सिंह यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, कमल किशोर, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, प्रदीप बेसरा, राकेश सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, विजय तिवारी, प्रेम झा, मुचिराम बाउरी, हलदर नारायण साह, अजय साह, हिमांशु मिश्रा, तन्मय झा मौजूद रहे।

# एक नजर में

### छत पर शेड निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**जमशेदपुर।** टेल्को क्षेत्र के लक्ष्मीनगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के ऊपर छत पर शेड का निर्माण और पार्किंग शेड एवं पाथ का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक सरयू राय ने किया। विद्यालय के बाहर पार्किंग शेड की व्यवस्था नहीं थी और लोग आकर वहां कूड़ा कचरा फेंकते थे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रिया सिंह ने बताया कि विद्यालय के बगल में मैदान है और बच्चे खुलकर खेल नहीं पाते हैं क्योंकि स्थानीय निवासी विद्यालय के बाहर में अपनी बड़ी गाड़ियां पार्किंग कर देते हैं इसलिए बच्चों को खेलने की जगह नहीं मिल पाती है। जहां तक की छत पर शेड निर्माण तथा पार्किंग शेड निर्माण का भूमि पूजन हुआ। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने पूरे स्कूल ने विधायक को धन्यवाद दिया है। मौके पर विनोद राय, नवीन कुमार, राजू, अनिल, समारू, करनदीप सिंह, सुमन, मुन्ना देवी, पाठक, पांडे और अन्य उपस्थित थे।

### बोड़ाम में बंगभाषी समिति ने विधायक मंगल कालिंदी को किया सम्मानित



**पटमदा।** बंगभाषी समिति बोड़ाम की ओर से बुधवार को बोड़ाम बाजार स्थित वासंती मंदिर परिसर में एक समारोह आयोजित कर विधानसभा के शून्यकाल में बंगला भाषा की शिक्षक नियुक्ति करने और स्कूलों में पढ़ाई शुरू करने की मांग को उठाने पर विधायक मंगल कालिंदी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मैंने सदन में सरकार से बंगला भाषा में पढ़ाई करने की मांग रखी था। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में उसको स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि राज्य के 24 जिलों में से 14 जिलों में बंगला भाषा के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में भी बंगला भाषा में लिखवाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे। इस दौरान विधायक ने बंगला भाषा के संरक्षक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। मौके पर समिति के बनमाली बनर्जी, प्रमथ मंडल, चित गोप, परेश दत्त, श्यामापद रजक, सुकुमार कुंडु, चंद्रशेखर टुडू, छुटुलाल हांसदा, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो आदि मौजूद थे।

### होली-रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



**जमशेदपुर।** टेल्को थाना शांति समिति की बैठक वरीय पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सबूज कल्याण संघ सभागार में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पुलिस उपाधीक्षक श्री सुधीर कुमार उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस उपाधीक्षक श्री सुधीर कुमार ने होली एवं रमजान पर्व को शांति और सद्भावना पूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस और शांति समिति के सदस्यों के जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान आकर्षित कराया उन्होंने कहा की हमारी जिम्मेवारी है कि इन दो महत्वपूर्ण महोत्सव जो इस बार एक साथ मानने का अवसर प्राप्त हुआ है को शांति, प्रेम और सद्भावना पूर्वक माहौल में संपन्न कराने में अपनी भूमिका का हम पूरी निष्ठा से निर्वाह करे। शांति समिति के सदस्य इस कड़ी के महत्वपूर्ण अंग है जो प्रशासन की आंख और कान की भूमिका में हैं। बैठक में जेएनसी के प्रतिनिधि रवि कुमार, टाटा मोटर्स के एन पी सिंह, बी के चतुर्वेदी, तार कंपनी के प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, केंद्रीय शांति समिति सदस्य नंदलाल सिंह, कल्याणी शरण, रामाश्रय प्रसाद, ओमप्रकाश उपाध्याय, डी डी त्रिपाठी, रियाजुद्दीन खान, इम्तियाज अहमद, ओमप्रकाश सिंह, सबूज संघ के अध्यक्ष मिथिलेश दा, संजीव रंजन, शाहिद खान, आलम ताज, बीके सिंह, अनिल प्रकाश, पीके दास थे।

### गोपाल मैदान में स्वदेशी मेला का भव्य उद्घाटन



**जमशेदपुर।** बुधवार को स्वदेशी मेला 2024 का उद्घाटन जमशेदपुर के माननीय सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, खादी ग्रामोद्योग आयोग गुजरात के विशेषज्ञ सदस्य ललित भाई साह, अखिल भारतीय मेला संयोजक सच्चिद बरियार, क्षेत्रिय संगठक अजय उपाध्याय, क्षेत्रिय संयोजक अमरेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघ चालक रामचंद्र के द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर मंजू ठाकुर सीजेकेएम राजू भी उपस्थित रहे। समारोह में विषय प्रवेश खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के सदस्य एवं स्वदेशी जागरण मंच के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोज सिंह ने रखा। उन्होंने शुरुआती दौर में जमशेदपुर मेला 2001 से आज 17वें मेला 2024 तक के संघर्षपूर्ण सफर एवं आज एक बड़ा ब्रांड बन चुका मेला का स्वरूप लोगों को बताया। इस 9 दिनों में स्वदेशी जागरण मंच अपने विचारों को इस मेले के माध्यम से विभिन्न आयोजन जैसे संगोष्ठियां, प्रतियोगिता और सांस्कृतिक संध्याओं को कर के समाज में स्वावलंबन, जैविक खेती, चुनाव में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका, परिवार संस्कार एवं भारतीय संस्कृति का प्रचार और पर्यावरण संरक्षण के विषयों को पहुंचा रहा है।

# प्रभुनाथ सिंह, दिनेश और आशीष ने जरूरतमंद को किया एसडीपी दान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत कम्पोनेन्ट डोनेशन के माध्यम से जरूरत लोगों के जीवन को बचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए लगातार रक्तदाता आगे बढ़कर सामने आ रहे है, वर्तमान में एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट) डोनेशन जो कि अफेरेसिस तकनीक के माध्यम से होता है, उसके लिए रेड क्रॉस के सक्रिय कार्यकर्ता व एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह लगातार सक्रिय रहकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, बीती रात 12 मार्च को एक जरूरतमंद के लिए उन्होंने अपना 36 वां एसडीपी डोनेट किया साथ ही उन्होंने 13 मार्च को दो रक्तदाता दिनेश कुमार सिंह तथा आशीष अग्रवाल को प्रोत्साहित कर उनका क्रमशः छठी बार व 5 वीं बार एसडीपी डोनेशन करवाया।



एसडीपी डोनर दिनेश सिंह का हौसला बढ़ाते प्रभुनाथ सिंह।

# शहर के स्कूलों में रोड सेफ्टी पर ड्राइंग कंपीटिशन से बच्चे हो रहे जागरूक

- जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने परिणामों की घोषणा की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस के द्वारा शहर के स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरुक करने के उद्देश्य से चित्रांकन प्रतियोगिता करायी गयी। इस प्रतियोगिता में शहर के लगभग 20 स्कूलों के 600 बच्चों ने हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिता के विजेता बच्चे :** इनमें से एसडीएसएम स्कूल में छठी कक्षा की छात्रा नैतिक परेया को पहला स्थान, जुस्को स्कूल साउथ पार्क के 10वीं के छात्र सुदेष्णा दत्ता को दुसरा और दयानंद पब्लिक स्कूल के 8वीं के छात्रा अफशां परवीन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ जबकि अन्य 15 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने परिणामों की घोषणा की। मौके पर यंग इंडियंस रोड सेफ्टी वर्टिकल की श्री झुनझुनवाला और साक्षी गुप्ता मौजूद रही। यंग इंडियंस (वाय आई) के प्रयासों की डीटीओ ने की सराहना की। वाय आई ने स्कूल कॉलेजों में छात्रों को ड्राइविंग लाइसेंस व ट्रेनिंग पर जोर देते हुए शिक्षण संस्थानों में इसके लिए शिविर लगाने की बात कही।



विजयी छात्रों की पेंटिंग दिखाते डीटीओ धनंजय व अन्य अतिथि।

# बाबूडीह और लाल भट्ठा क्षेत्र में कांग्रेस ने चलाया संपर्क अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत बाबूडीह एवं लालभट्ठा क्षेत्र में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान व्यापक रूप से चलाया गया। इस दौरान आमजन भी जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए, जनसंपर्क अभियान के तहत जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने आम जनता के समस्याओं को सुना एवं उसके समाधान पर अपना पहल का आश्वासन भी दिया। इस दरम्यान एक नुक्कड़ सभा की गयी। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन सरकार आम जनता एवं गरीबों के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। इसी के अंतर्गत सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत पुरुषों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजना चलाई जा रही है, विगत कुछ दिनों से झारखंड सरकार ने 50 वर्ष उम्र के महिलाओं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के महिला एवं पुरुष के लिए पेंशन योजना को शुभारंभ कर दिया है।



संपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते आनंद

# हर मंडल में होली मिलन समारोह मनायेगा भाजमो



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की बैठक बिष्टुपुर स्थित विधायक कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक मंडल में करने पर विचार विमर्श किया गया। तय हुआ की महानगर अंतर्गत सभी मंडलों में होली मिलन समारोह भव्य रूप से मनाया जायेगा जिसमें जिला व मंडल के सभी पदाधिकारी, सक्रीय कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे( साथ ही मंडल क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ जनों को समारोह में आमंत्रित किया जायेगा।

# जमशेदपुर के हर घर में बायोगैस कचरा प्रबंधन प्रणाली हो : रितुराज सिन्हा

- पॉड एंड बियॉन्ड स्मार्ट होटल में बायोगैस कचरा प्रबंधन प्रणाली का किया गया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि उनका सपना है कि जमशेदपुर के हर घर में बायोगैस कचरा प्रबंधन प्रणाली हो ताकि घरों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन घर में ही हो जाये। इससे ना केवल 'वेस्ट मैनेजमेंट एट सोर्स' में सफलता मिलेगी बल्कि बायोगैस कचरा प्रबंधन प्रणाली से निकलने वाले ईंधन का उपयोग घरों में ही हो सकेगा। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील यूआईएसएल हर संभव मदद के लिए तैयार है। सिन्हा आज पत्रकारों से बात कर रहे थे।

इससे पूर्व श्री सिन्हा ने जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जेएचआरए) और टाटा स्टील यूआईएसएल की साझा पहल के तहत स्थापित बायोगैस कचरा प्रबंधन प्रणाली का उद्घाटन पॉड एंड बियॉन्ड स्मार्ट होटल, बिस्टुपुर में किया। पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गयी है। श्री सिन्हा ने कहा कि फूड वेस्ट मैनेजमेंट समय की जरूरत है और यह न केवल होटल और रेस्टुरेंट बल्कि घरों और रेसिडेंशियल सोसाइटी में भी किया जाना चाहिए। जमशेदपुर के हर घर में यह सुविधा हो। जेएचआरए और टाटा स्टील यूआईएसएल ने सभी होटलों, रेस्तरां में बायोगैस आधारित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करने वाला देश का पहला शहर बनने के लिए हाथ मिलाया है। पॉड एन बियॉन्ड स्मार्ट होटल और होटल मद्रासी बिस्टुपुर के साथ बायो गैस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला होटल बन गया है।

जेएचआरए के अध्यक्ष रवीश रंजन ने इस क्षेत्र पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देते हुए सहयोग के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। होटल पॉड में इस बायो गैस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत होटल क्षेत्र में टिकाऊ अपशिष्ट निपटान की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रणाली से शुरुआत में होटल को प्रति माह कम से कम तीन एलपीजी सिलेंडर बचाने की उम्मीद है।



कार्यक्रम को संबोधित करते टीएस यूआईएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा। साथ में रवीश रंजन व अन्य।

